महत्वपूर्ण एवं खास

6 अप्रैल को लिटाईपाली में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर स्थगित

रायगढ़। जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम-लिटाईपाली में 6 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

चक्रधर नगर एसबीआई ब्रांच का टूटा टाला, सीसीटीवी कैमरा को भी किया छतिग्रस्त

रायगढ़ (आरएनएस)। बीती रात चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा

शटर के चारों ताले तोड़ दिए गए व सीसीटीवी कैमरा को भी तोड़ दिया गया। हालांकि चोरी का प्रयास असफल रहा।

जानकारी के मुताबिक सुबह जब बैंक कर्मी आए तो उन्होंने शटर का ताला टूटा देखने पर इसकी जानकारी तत्काल चक्रधर नगर थाने में दी। पुलिस बल मौके पर पहुचकर मुयायना कर जांच में जुट गई है।

मौके पर एडिशनल एसपी, नगर पुलिस अधीक्षक व चक्रधर नगर थाना प्रभारी युवराज तिवारी के साथ पुलिस बल मौजूद हैं।

रायगढ़ नृत्य कला संस्थान का होली मिलन संपन्न

रायगढ़। शहर की जानमानी संस्था रायगढ़ नृत्य कला संस्थान रायगढ़ द्वारा स्थानीय इंदिरा विहार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य कलाकारों के ने एक दूसरे को

अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाईयां दी। इस दौरान होली के मनमोहक गीत गाये गये तथा नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता महावीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होली मिलन समारोह गरिमापूर्ण संपन्न हुआ। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह त्योहार फागुन मास की पूर्णिमा के दिन बुराईयों को नष्ट कर अच्छाईयां अपनाने का खुशियों भरा उत्सव है। इसे हर छोटा-बड़ा अमीर गरीब सब एक साथ मिलकर मनाते हैं। इस कारण इस त्योहार को वर्ष का सबसे उमंगों भरा लोकप्रिय त्योहार माना जाता है।

नृत्य कला संस्थान के संस्थापक दिवाकर राव वासनिक, अध्यक्ष विकास राम (विक्की) उपाध्यक्ष गौरव यादव, सचिव प्रेरणा देवांगन, कोषाध्यक्ष हेमन्त महंत, उप कोषाध्यक्ष रवि चौहान सोशल मिडिया प्रभारी आशीष यादव सह सोशल मिडिया प्रभारी प्रतीक देवांगन तथा सदस्यगण राज साण्डे, ईमरान, विवेक, जितेन्द्र, किस्मत, आदि लोग उपस्थित रहे।

सारंगढ़ में नागरिकों को मतदान के लिए किया गया प्रोत्साहित

रायगढ़। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीन के संबंध में नागरिकों को जानकारी दी गई एवं उनको मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।

हत्या कर फरार हुये आरोपी को ओडिसा से गिरफ्तार कर लायी चक्रधरनगर पुलिस

पति की हत्या और पत्नी पर प्राणघातक हमला कर फरार था आरोपी

रायगढ़। 23 मार्च को थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत चन्द्रनगर में पति-पत्नी पर प्राणघातक हमला कर फरार हुये आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस 02 दिनों के भीतर ओडिसा से गिरफ्तार कर रायगढ़ लेकर आयी है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना कापू अन्तर्गत ग्राम रनपुर निवासी बलीराम डनसेना पिता नारायण डनसेना 26 वर्ष व उसकी पत्नी श्रीमती ललिता डनसेना (उम्र 22 वर्ष) रायगढ़ के फागुबाड़ी में किराये के मकान में रहकर रोजी मजदूरी का काम करते थे। काम करने के दौरान बलीराम डनसेना की मिस्त्री का काम करने वाले गोविंद यादव से जान पहचान हुई। गोविंद यादव मध्यप्रदेश के नरसिंगपुर जिले से काम करने रायगढ़ आया था। गोविंद यादव, बलीराम डनसेना की पत्नि श्रीमती ललिता डनसेना पर बुरी नियत रखता था और होली के दिन गोविंद यादव फागुबाडी में जाकर ललिता को रंग लगाया और ललिता को अपने साथ लेकर चन्द्रनगर (चक्रधरनगर) निर्माणाधीन मकान में ले आया। ललिता का पति बलीराम डनसेना 23 मार्च को ललिता को खोजते हुए चन्द्रनगर आया और अपनी पत्नि को साथ चलने को बोला। तब उसकी पत्नि ललिता उसके साथ चलने को तैयार हो गई तो गोविन्द यादव कैसे लेकर जायेगा कहते हुये, बलीराम डनसेना को वहीं रखे लकड़ी के तखत के पाया से सिर पर ताबड़तोड़ वार किया, मारपीट दौरान बलीराम डनसेना की पत्नी ललिता बीच बचाव करने आयी तो गोविंद यादव ने ललिता के सिर पर भी तखत के पाया से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया और घटना कातिर कर वहां से भाग गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अगुवाई में कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया 30 मार्च को जमा करेंगे नाम निर्देशन फार्म

लैलूंगा में आमसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

रायगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वय संजय देवांगन एवं विकास शर्मा ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये कहा कि रायगढ़ लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया सादगीपूर्ण ढंग से 30 मार्च को 11 बजे प्रदेश के ओजस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी के अगुवाई में अपना नाम निर्देशन फार्म जमा करेंगे साथ मे केबिनेट मंत्री व रायगढ़, जशपुर जिला के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक सारगंढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े लैलुंगा विधायक चक्रधर सिदार पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह कुनकुरी विधायक यु.डी. मिंज जी जशपुर विधायक विनय भगत जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष अरुण मालाकार शहर जिला अध्यक्ष जयंत ठेठवार जशपुर जिला अध्यक्ष पवन अग्रवाल पुर्व विधायक पुर्व सांसद लोकसभा विधानसभा ब्लॉक के प्रभारी सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी लोक सभा के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित रहेंगे नामांकन के पश्चात मुख्यमंत्री रायगढ़ में पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे उसके बाद लैंलूंगां मे आमसभा को संबोधित करने के लिये रायगढ़ से हेलिकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे।

राजस्व लक्ष्य (मुद्रांक एवं पंजीयन) प्राप्त करने के संबंध में निर्देश जारी

रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिला कोषालय अधिकारी, उपकोषालय अधिकारी एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक को वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए निर्धारित लक्ष्य (मुद्रांक एवं पंजीयन) आय शासन को अधिक से अधिक राजस्व प्रदाय करने के उद्देश्य के साथ ही जनसुविधा को उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से कार्य करने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को माह मार्च 2019 के अंतिम सप्ताह 31 मार्च 2019 रविवार को भी उप पंजीयक कार्यालय देर रात तक पंजीयन कार्य हेतु खुला रखने हेतु निर्देशित किया है।

बालक के आत्महत्या करने के मामले में, युवक के विरूद्ध उत्प्रेरण का अपराध दर्ज

आरोपी युवक द्वारा मारपीट करने से क्षुब्द हुआ था बालक

आरोपी पुलिस हिरासत में, थाना छाल अन्तर्गत घटित घटना

रायगढ़। थाना छाल में मर्ग क्रमांक 07/19 धारा 174 जा. फौ. के मृतक परमेंश्वर राठिया पिता पतन सिंह राठिया उम्र 16 वर्ष साकिन ग्राम कुकरीचोली थाना छाल के मर्ग जांच में पाया गया कि घटना दिनांक 01.03.19 को मृतक परमेश्वर राठिया आरोपी पवन राठिया को उसकी बहन से मिलने-जुलने से मना किया था, इस कारण दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपी पवन राठिया ने परमेश्वर का गला दबाकर उससे हाथ मुक्कों से मारपीट किया। जांच में पवन राठिया उम्र 25 वर्ष निवासी कुकरीचोली द्वारा मारपीट करने व उसकी बहन को साथ चले जाने से क्षुब्ध होकर परमेश्वर राठिया ने धान में छिड़काव वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या कर लिया। मर्ग जांच पर आरोपी पवन राठिया के विरूद्ध अप.क्र. 57/19 धारा 306 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

घर में अवैध रूप से रखा 45 डेटोनेटर व 850 किलो अमोनियम नाइट्रेट जब्त

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में थाना सरिया पुलिस ने मंगलवार को ग्राम सुखपाली के एक घर में छापेमारी कर अवैध रूप से रखे गए विस्फोटक सामग्री 850 किलो अमोनियम नाइट्रेट, ब्लास्टिंग वायर और 45 डेटोनेटर बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने घर के मालिक भुनेश्वर साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक आशीष वासनिक के मुताबिक मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम सुखपाली निवासी भुनेश्वर साहू के घर पर दबिश दी गई। घर की तलाशी के दौरान 17 बोरी अमोनियम नाइट्रेट (प्रति बोरा 50 किलो), 04 बंडल ब्लास्टिंग वायर, 45 डेटोनेटर बरामद हुआ।

आरोपित विस्फोटक सामग्री रखने का दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद विस्फोटक सामग्री जप्त कर आरोपित भुवनेश्वर साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के विरूद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के मुताबिक सरिया में सैकड़ों पत्थर खदान, क्रेशर, डोलोमाइट है। यहां अक्सर विस्फोटक का अवैध भंडारण कर खदान में विस्फोटक करने के लिये प्रयोग किया जाता है। पुलिस इस इलाके में पहले भी कई बार विस्फोटक बरामद कर चुकी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480